**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड नगर पालिका संवेदक निबंध नियमावली में संशोधन सहित कुल 12 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी।**
2. **झारखंड बंद का राज्य में रहा मिला जिला असर, रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा समर्थकों ने आज किया सड़क जाम, पुलिस रही मुस्तैद।**
3. **विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को उन्नत तकनीक और सरकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी।**
4. **गिरिडीह में विधायक कल्पना सोरेन ने अबुआ आवास के लाभुकों को सौंपी चाभी और किया दुकानों का उद्घाटन।**

**और**

5. **राज्य मे दिखेगा चक्रवात का असर, मौसम विभाग ने कल राज्य के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई जिसमें झारखंड नगर पालिका संवेदक निबंध नियमावली में संशोधन सहित कुल 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रभारी विभागीय सचिव ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि जल संसाधन, पथ निर्माण और आवास विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़े प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। इसके अलावा राज्य में संवेदकों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना जरुरी होगा।

*******************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आज झारखंड बंद का असर राजधानी और ग्रामीण इलाकों में व्यापक रूप से देखा गया। टाटीसिलवे, कांके, मांडर, ओरमांझी सहित कई स्थानों पर बंद समर्थकों ने सड़कों पर टायर जलाकर जाम कर दिया। बंद समर्थक सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर खूंटी में बंद का छिटपुट असर देखा गया। लोहरदगा में लंबी दूरी की बसें और बॉक्साइट ट्रक कम चले, लेकिन यात्री ट्रेन सामान्य रूप से चली। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और अधिकांश दुकानें खुली रहीं।

*******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कुलपति डॉक्टर एस सी दुबे ने बताया कि यह अभियान 29 मई से शुरू होकर 12 जून तक चलेगा और अब तक राज्य के 16 जिलों के 6 सौ 46 गांवों में 63 हजार दो सौ सात किसानों से सीधा संवाद किया गया है।उन्होने बताया कि  इस अभियान के तहत खरीफ फसलों की तकनीक, मिट्टी जांच, पोषक तत्वों के उपयोग और फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं से जुड़कर किसानों को लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।

इधर पाकुड़ ज़िले में कृषि विभाग और सहकारी विभागों ने संयुक्त रूप से विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया। महेशपुर प्रखंड के छह गांवों में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती, बीजोपचार, फसल प्रबंधन और कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई।

*******************

सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 होगी। इन संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने की अधिसूचना 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना है।

*******************

गिरिडीह सदर प्रखंड में विधायक कल्पना सोरेन ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को चाभी और स्वीकृति पत्र सौंपे और चार दुकानों का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने जानकारी दी कि इस वित्तीय वर्ष में 4468 अबुआ आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 1000 आवास बनकर तैयार हैं।

*******************

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के प्रयास से शहर में चलंत भोजनालय की शुरुआत की गई। विधायक सरयू राय ने जानकारी दी कि यह भोजनालय विभिन्न बाजारों में रुककर जरूरतमंदों को मात्र पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराएगा। और जरूरत के अनुसार  वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

*******************

रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर पुलिस पर हुए हमले के बाद खूंटी पुलिस सतर्क हो गई है। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने सभी थाना प्रभारियों को जमीन विवाद से दूरी बनाए रखने और ऐसे मामलों में सिविल प्रशासन से समन्वय करने का निर्देश दिया है।

*******************

देवघर जिले के मधुपुर स्टेशन पर वाशिंग पिट की शुरुआत हो रही है। डीआरएम चेतनानंद सिंह ने बताया कि इसका लाभ यात्रियों के साथ साथ आसपास के लोगों को भी मिलेगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- राज्य के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री संजय यादव ने कहा कि देवघर जिले में किराये के भवन में संचालित ईएसआई अस्पताल को स्थानांतरित किया जाएगा, साथ ही जिन कर्मचारियों को अब तक ईएसआई की सुविधा नहीं मिली है, उन्हें नियमपूर्वक कवर कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।
- 
- हजारीबाग ज़िले में बकरीद को लेकर झंडा चौक पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन की अगुवाई में मॉक ड्रिल किया गया। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी बिहार के उपर चक्रवात बना हुआ है, जिसका असर झारखंड में भी दिखेगा। इसके असर से कल राज्य के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही राजधानी रांची में आंशिक बादल छाए रहने और बारिश का पूर्वानुमान है।

**************